Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of Overbridge in Saharanpur District in Kairana Parliament Constituency.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र कैराना यमुना के किनारे पड़ता है। उसके कुछ गांव हरियाणा की साइड पड़ते हैं। सोनदेबास और ग्यासुद्दीनपुर इस बात को लेकर बहुत बुरी तरह प्रभावित रहते हैं सहारनपुर के हिस्से में उनका आवागमन बड़ा कठिन रहता है। उनको लम्बी दूरी तय करके, घूमकर आना पड़ता है। बहुत लम्बे समय से एक मांग चली आ रही है कि वहां यमुना नदी पर एक पुल का निर्माण हो जाए। मेरी आपके माध्यम से सरकार से पुरजोर मांग है कि वहां अतिशीघ्र एक पुल का निर्माण कर दिया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके। धन्यवाद।